पंजाब केसरी 06/06/2024

जी.एम.एन. कालेज ऑफ नर्सिंग में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस पर जी.एम.एन. कालेज ऑफ नर्सिंग में पौधारोपण करते प्राचार्य रामलखन माली। (देवदत्त)

अम्बाला, 5 जून (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज ऑफ नर्सिंग के प्रांगण में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में प्राचार्य रामलखन माली सहित तमाम टीचिंग एंड नॉन टीचिंग स्टाफ ने कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने और उसे बचाने के महत्व के बारे में बताते हुए इसके प्रति जागरुकता पैदा करने पर जोर दिया। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अधिक ऑक्सीजन देने वाले पीपल, बरगद एवं अनेक हर्बल पौधों का रोपण किया गया।